हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 23 अगस्त 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा

शिक्षकों ने किया टीईटी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में एलबी संवर्ग के शिक्षक साझा मंच द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने विकासखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं सेवा सुरक्षा पदयात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन करते सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता में सेवा, सुरक्षा और सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करते पूर्व सेवा की गणना का लाभ देने मांग की। विकासखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन के आयोजन में शिक्षकों ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में शिक्षक संवर्ग अंतर्गत सहायक शिक्षक एवं शिक्षक लंबी अवधि से अनवरत अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। प्रदेश में सेवारत शिक्षकों को अन्य राज्यों की भांति टीईटी की अनिवार्यता पर सेवा सुरक्षा प्रदान कर वरिष्ठता के आधार पर पूर्व प्रचलित नियमानुसार पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। मांगे पूरी नहीं होने पर संगठन ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की बात कहीं है।

टीईटी की अनिवार्यता पर शिक्षकों का धरना प्रदर्शन



सेवा सुरक्षा प्रदान करने मांग

शिक्षक साझा मंच के जिला संयोजक छन्नूलाल साहू ने कहा कि जिस समय हमारी नियुक्ति हुई उस सेवा शर्त में टीईटी की बाध्यता को लेकर कोई दिशा-निर्देश नहीं था। अब सरकार कह रही है कि बिना टीईटी पास हुए पदोन्नति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि इतने समय से शिक्षक अपनी पदोन्नति की राह देख रहे हैं।

अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शन के बाद मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी 29 अगस्त को जिला स्तर पर और फिर सितंबर माह में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरूआत होगी। प्रदर्शन के दौरान मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा गणना करते क्रमोन्नत, सहित समस्त लाभ प्रदान करने मांग की गई।

फर्जी सिम बिक्री, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फर्जी सिम एक्टिवेट कर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पोखन मोबाइल पीओएस संचालक गैंदाटोला द्वारा अपने साथियों के सहयोग से फर्जी सिम एक्टीवेट कर बेचकर धोखाधड़ी करने की शिकायत थाना गैंदाटोला को प्राप्त हुई थी। शिकायत पर थाना गैंदाटोला में धारा 318(4) 61(2) बीएनएस 66(सी) आईटीएक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान 5 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण के अन्य आरोपी मनीष कुमार शांडिल्य निवासी बम्हनीभाठा घटना के बाद से फरार चल रहा था। मुखबीर से प्राप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को सोमनी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी से फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेशन एवं बिक्री के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। आरोपी के कब्जे से फर्जी सिम खरीदने एवं बेचने में उपयोग किए गए एक मोबाइल ओप्पो, एक मोबाइल नीले रंग का, 238 नग जियो कंपनी ब्लेंक सिम कार्ड (नॉन एक्टीव), आधार कार्ड 1 नग, पेनकार्ड 1 नग, बैंक ऑफ बडौदा का एक पासबुक, एचडीएफसी बैंक पास बुक एक नग, चेक बुक 6 नग, फिंगर प्रिंट मशीन 2 नग, सिम कार्ड खरीदी-बिक्री से प्राप्त रकम 25000 रुपए को विधिवत जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।








हम सब के प्रिय जननायक, महापौर पुर्व सांसद
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरदः शतम्
शुभेच्छु : समस्त भाजपा पार्षदगण, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरदः शतम्
विनीतः- ओ.बी.सी. मोर्चा शहर-संयुक्त मंडल, राजनांदगांव (छ.ग.)


23 अगस्त
जीवेत शरदः शतम्
हम सबके प्रिय, जननायक,
महापौर एवं पूर्व सांसद मान. श्री
मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई...
उमंग पाण्डेय
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा कबीरधाम

चार जिलों के 6.7 लाख बिजली उपभोक्ताओं का 1 सितंबर से होगा ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों एवं उनके रिकॉर्ड को अधिक प्रमाणिक, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी कराया जाएगा। यह प्रक्रिया 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ होगी। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिलों में कुल लगभग 6.83 लाख बिजली कनेक्शन हैं। इनमें राजनांदगांव जिले के 2,94,638, मोहला-मानपुर-चौकी के 76,037, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 108733 तथा कबीरधाम जिले के 2,03,931 बिजली कनेक्शन शामिल हैं।

ई-केवाईसी के माध्यम से विद्युत कनेक्शन से संबंधित उपभोक्ता की पहचान का सत्यापन किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि विद्युत कनेक्शन जिस व्यक्ति के नाम पर दर्ज है, वह वास्तविक एवं वैध उपभोक्ता हैं तथा वर्तमान में कनेक्शन का उपयोग कौन कर रहा है। इस प्रक्रिया से विद्युत कंपनी को अपने उपभोक्ता रिकॉर्ड को व्यवस्थित एवं अद्यतन करने के साथ वास्तविक उपभोक्ताओं का प्रमाणिक डेटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी। ई-केवाईसी केवल पहचान सत्यापन की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विद्युत कंपनी के उपभोक्ता डेटाबेस को सटीक, प्रमाणिक एवं अद्यतन बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे वैध उपभोक्ताओं की पहचान सुनिश्चित होने के साथ-साथ मृत उपभोक्ताओं के नाम पर दर्ज कनेक्शनों, अनधिकृत उपयोग और अवैध विद्युत कनेक्शनों की पहचान करने में भी सहायता मिलेगी। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ होने वाली ई-केवाईसी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें और अपने विद्युत कनेक्शन का ई-केवाईसी अवश्य कराएं।

ओटीपी, फिंगरप्रिंट या फेस ऑथेंटिकेशन से किया जाएगा उपभोक्ताओं का सत्यापन कार्य

सुविधा के लिए तीन विकल्प

उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते ई-केवाईसी के लिए तीन विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे। उपभोक्ता "मोर बिजली मोबाइल ऐप" के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी वितरण केंद्र अथवा जोन कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से ई-केवाईसी कराया जा सकता है। तीसरे विकल्प के तहत मीटर रीडर उपभोक्ता के घर पहुंचकर मोबाइल एप के माध्यम से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करेगा। ई-केवाईसी के दौरान उपभोक्ता की पहचान का सत्यापन आधार ऑथेंटिकेशन के माध्यम से ओटीपी, फिंगरप्रिंट अथवा फेस ऑथेंटिकेशन से किया जा सकेगा।



कोई शुल्क नहीं

विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क होगी। इसके लिए उपभोक्ता से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि ई-केवाईसी के नाम पर किसी अनाधिकृत व्यक्ति को राशि न दें। यदि कोई व्यक्ति ई-केवाईसी के नाम पर पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना संबंधित विद्युत कार्यालय को दें। उपभोक्ता केवल अधिकृत माध्यमों से ही ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करें और किसी संदिग्ध लिंक या अनाधिकृत ऑनलाइन माध्यम का उपयोग न करें।

मृत उपभोक्ताओं के नाम पर दर्ज कनेक्शनों की भी होगी पहचान

कई बार उपभोक्ता की मृत्यु हो जाने के बाद भी विद्युत कनेक्शन उसके नाम पर दर्ज रह जाता है। ऐसे मामलों की पहचान ई-केवाईसी के माध्यम से की जा सकेगी। इससे वर्तमान उपयोगकर्ता की पहचान कर नियमानुसार उपभोक्ता के नाम में आवश्यक परिवर्तन एवं रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसी तरह ऐसे विद्युत कनेक्शनों की भी पहचान करने में सहायता मिलेगी, जिनका उपयोग अनाधिकृत अथवा अवैध रूप से किया जा रहा है या जिनमें उपभोक्ता की जानकारी लंबे समय से अद्यतन नहीं है। इससे विद्युत कंपनी को अनियमितताओं को चिन्हित कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

ममता नगर में आम रास्ता बंद करने का मामला

बरसते पानी में पहुंचे वार्ड के लोग ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर गली नंबर 5 में आम रास्ता बंद किए जाने को लेकर नगर निगम द्वारा रास्ता खुलवाने तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान रास्ता बंद करने वाले नूतन साहू के परिजनों द्वारा कार्रवाई का विरोध किया गया था। विवाद इतना बढ़ा कि जेसीबी में पत्थर फेंककर शीशा भी तोड़ दिया गया। वहीं निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और वार्ड के लोगों के साथ गाली-गलौज भी किया गया। अब इस मामले को लेकर मोहल्ला विकास समिति द्वारा एसपी को ज्ञापन देकर रास्ता बंद करने वाले परिवार के लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

ममता नगर वार्ड नं. 18 के पार्षद और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष के साथ मोहल्ले के लोग बरसते पानी में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने पहुंचे और इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने मांग की। वार्डवासियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि गली नंबर 5 में नूतन साहू द्वारा आम रास्ता को बंद कर दिया गया। जिससे मोहल्लेवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वार्डवासियों की मांग पर निगम द्वारा अतिक्रमण को हटाया गया, लेकिन नूतन साहू, भोलाराम साहू और परिवार द्वारा वहां से गुजरने वालों को गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।



महापौर ने कराया रास्ता दुरूस्त

गुरुवार को नगर निगम द्वारा रास्ता खुलवाने के लिए बाउंड्रीवॉल और गेट को तोड़ा गया था। जिसका मलमा रास्ते में ही पड़ा था। आज सुबह महापौर मधुसूदन यादव ने मौके पर पहुंचकर आवागमन के लिए रास्ते को दुरुस्त करवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते को बंद किए जाने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों को घूमकर आना-जाना पड़ता है। जिससे खासकर स्कूली बच्चों को दिक्कत होती है।

कार्रवाई नहीं होने से वातावरण खराब

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि रास्ता खुलवाने के दौरान निगम की सम्मति को क्षतिग्रस्त करने और डाईवर पर हमला करने की वजह से नगर निगम द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया है, लेकिन अब इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में मोहल्ले का वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने इस मामले में जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आवागमन करने वालों के साथ अभद्रता

वार्ड पार्षद संगीता देवांगन ने बताया कि 20-25 वर्षों से यह आम रास्ता है। रास्ता बंद किए जाने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नूतन साहू के परिजनों द्वारा वहां से आवागमन करने वाले लोगों के साथ गाली-गलौज किया जाता है। पार्षद ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई की मांग करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं।

एमएमसी जिले में 30% तक कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में पिछले 72 घंटों के दौरान मानसून पूरी तरह से सक्रिय नजर आया है और अंचल सहित प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश की झड़ी लगी हुई है। बादलों की इस सक्रियता के बावजूद राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई अब भी अपने सामान्य कोटे की बारिश से पीछे चल रहे हैं। मौसम विभाग और भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस सीजन में अंचल के इन तीनों ही जिलों में औसत वर्षा का प्रतिशत 100 के आंकड़े को नहीं छू सका है। जिससे कुल वर्षा के आंकड़ों में पिछड़ापन स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

राहत की बात यह है कि आंकड़ों में पिछड़ापन होने के बावजूद खेतों में फसलों की वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप रूक-रूककर कर पर्याप्त नमी और पानी मिल रहा है। किसानों को जिस समय जितनी बारिश की दरकार थी, उतनी फुहारें और पानी गिरने के कारण धान समेत खरीफ फसलों पर इसका कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव देखने को नहीं मिल रहा है और फसलें फिलहाल अच्छी स्थिति में है। हालांकि जलाशयों को लबालब भरने और भू-जल स्तर में सुधार के लिए अंचल को आने वाले दिनों में एक तेज और भारी बारिश के दौर की सख्त दरकार है।

नांदगांव-केसीजी में सामान्य

वहीं दूसरी ओर मैदानी व सीमावर्ती इलाकों वाले राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में स्थिति औसत के करीब तो है, लेकिन वे भी अपने लक्ष्य से कुछ पीछे है। राजनांदगांव जिले में अब तक 660 मिमी की सामान्य औसत के विरुद्ध 650 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो कि औसत का 98 प्रतिशत बैठता है। इसी तरह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 556 मिमी के औसत के मुकाबले 540 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो कि निर्धारित कोटे का 97 फीसदी है। बीते चौबीस घंटों में भी खैरागढ़ में 3.5 मिमी, मोहला-मानपुर में 3.9 मिमी और राजनांदगांव में मात्र 0.8 मिमी की हल्की वर्षा ही दर्ज की गई।

वनांचल में 620 मिमी ही बारिश

सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति वनांचल क्षेत्र मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले की बनी हुई है, जहां औसत के मुकाबले 30 फीसदी से अधिक की भारी कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वनांचल जिले में अब तक 920 मिमी की सामान्य औसत बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन वहां अब तक मात्र 620 मिमी वर्षा ही दर्ज हो पाई है, जो कि औसत का केवल 68 प्रतिशत है। यानी यहां लगभग 32 फीसदी की सीधी कमी बनी हुई है। बारिश की इसी कमी के चलते इस वनांचल के कुछ अंदरूनी इलाकों में जलस्रोतों के पर्याप्त न भरने और सीमित जलस्तर की समस्या देखने को मिल रही है।

जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

राजनांदगांव। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेण्डर वर्ष 2026 में राजनांदगांव जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिसके अनुसार 5 सितम्बर को गोविंदा उत्सव के लिए केवल डोंगरगढ़ तहसील में एवं 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के लिए डोंगरगढ़ तहसील को छोड़कर संपूर्ण जिले में तथा 19 अक्टूबर को दशहरा (महाअष्ठमी) एवं 11 नवम्बर को भाई दूज (दीपावली) के लिए संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। घोषित स्थानीय अवकाश बैंकों एवं कोषालयों पर लागू नहीं होगा।

आरोपी चाकू के साथ पकड़ा गया

राजनांदगांव। चाकू दिखाकर गाली-गलौच कर डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया द्वारा चौकी चिखली में आरोपी शुभम यादव द्वारा वाद-विवाद कर मारपीट कर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर चाकू दिखाकर डराना-धमकाना के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 296, 351(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी शुभम यादव 24 साल को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर कार्रवाई कार्रवाई की है।

सार समाचार

24 को श्री महाकाल मंदिर में विशेष पूजा

राजनांदगांव। सावन मास के पावन अवसर पर 24 अगस्त को सिंघोला स्थित श्री महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से दर्शन एवं पूजा-अर्चना का धर्म लाभ लेने की अपील की है। मंदिर में सोमवार तड़के सुबह 2.30 बजे भस्म आरती तथा सुबह 4.30 बजे श्रृंगार आरती संपन्न होगी। इस दौरान बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार एवं विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। भक्ति और आस्था से परिपूर्ण वातावरण में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना करेंगे। आयोजन को लेकर श्री महाकाल सेना एवं श्री महाकाल मंदिर सिंघोला द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भक्तजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से बाबा महाकाल के दर्शन कर सके। श्री महाकाल सेना एवं मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील करते कहा कि सावन सोमवार के इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचे और बाबा महाकाल की भक्ति में सहभागी बनकर धर्मलाभ प्राप्त करें

टीबी उन्मूलन के लिए 5 पायलेट ग्रामों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में टीबी उन्मूलन हेतु 5 पायलेट ग्रामों का चयन किया गया है। टीबी उन्मूलन हेतु चयनित पायलेट ग्रामों में छुरिया विकासखंड के ग्राम मासूल, राजनांदगांव विकासखंड (घुमका) के ग्राम खैरझिटी एवं बुंदेलीकला, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुसराकला शामिल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चयनित ग्रामों में टीबी उन्मूलन के लिए माय भारत वालंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, घर-घर सर्वे, दिवाल लेखन, ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत वालंटियर्स एवं एनसीसी केडेट को 5 दिसवीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही समुदाय में मितानिनों के साथ समन्वय कर ग्राम को टीबी मुक्त बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार ने बताया कि 25 दिसम्बर 2026 तक घुमका क्षेत्र में हैंड हेल्ड मशीन के माध्यम से एक्स-रे कराया जाएगा। जिनके एक्स-रे में संदेहास्पद पाए जाने पर उनकी जांच नॉट मशीन से कराया जाएगा एवं टीबी पाजीटिव पाए जाने पर तत्काल टीबी का उपचार प्रारंभ कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले को टीबी मुक्त जिला बनाने विभिन्न गतिविधियां एवं सार्वभौमिक प्रयास किया जा रहा है।



उपचार में करेंगे सहयोग

जिला क्षय अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया ने बताया कि पायलट ग्रामों हेतु कुल 25 माय भारत वालंटियर्स एवं 25 एनसीसी कैडेट का चयन किया गया है। उन्हें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में होने वाले गतिविधियों से अवगत कराया गया है। माय भारत वालंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट द्वारा चयनित ग्रामों में समय-समय पर टीबी जन जागरूकता संबंधी विविध प्रकार की गतिविधियां की जाएगी। इनके माध्यम से टीबी के लक्षणों की पहचान, जांच हेतु बलगम संग्रहण एवं टीबी के उपचार तक ग्रामीणों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

यात्री प्रतिक्षालय की जर्जर स्थिति सुधारने के दिए निर्देश

बस स्टैंड और व्यावसायिक परिसर का मेयर मधु ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड एवं गंज चौक व्यावसायिक परिसर का नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर पुराना बस स्टैंड के जर्जर यात्री प्रतिक्षालय व भवन तोड़ने तथा गंज चौक व्यावसायिक परिसर के प्रथम तल में दुकान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव पुराना बस स्टैंड का जायजा लिया और यात्री प्रतिक्षालय की जर्जर स्थिति देख प्रतिक्षालय एवं भवन को तोड़ने प्रक्रिया करने कहा। उन्होंने कहा कि बजट प्रावधान अनुसार सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जाना है। निर्माण के लिए जर्जर भवन तोड़ने सामान्य सभा में पारित भी किया गया है। प्रथम चरण में निर्माण करने यात्री प्रतिक्षालय व भवन तोड़ा जाए तथा व्यावसायिक परिसर का निर्माण हेतु की जा रही प्रक्रिया में गति लाएं।



निरीक्षण की कड़ी में महापौर ने गंज चौक के पास निर्मित व्यावसायिक परिसर का निरीक्षण कर परिसर के प्रथम तल में दुकान निर्माण के लिए प्राक्कल तैयार करने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि उक्त व्यावसायिक परिसर शहर के मुख्य चौराहे में स्थित है, यदि परिसर के उपर दुकान निर्माण होता है तो उससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी। व्यवसायियों द्वारा भी प्रथम तल में दुकान निर्माण करने मांग की जा रही है। दुकान निर्माण पश्चात नियमानुसार उसका नीलामी के माध्यम से आबंटन किया जाएगा।

मरम्मत की प्रगति की ली जानकारी

महापौर ने गंज चौक के पास निर्मित जीर्ण-क्षीर्ण व्यवसायिक परिसर जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लेकर मरम्मत प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए मेन पावर बढ़ाकर कार्य में गति लाएं, ताकि दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया की जा सके। निरीक्षण के दौरान राजेश जैन रानू, अमित कुशवाहा, जैनम बैद, नादान सेन, दीपक खाण्डे, गरिमा वर्मा व राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

बारिश से राखी बाजार की रौनक पर असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में राखी की दुकानें सज गई है, लेकिन शनिवार को हुई रिमझिम बारिश ने बाजार की रौनक पर कुछ असर डाला। खासकर फुटपाथ पर राखी, सजावटी सामान और छोटे उपहारों की दुकान लगाने वाले कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के कारण उन्हें सामान भीगने और ग्राहकों की संख्या कम होने की आशंका बनी हुई है।

रक्षाबंधन पर्व नजदीक आने के साथ शहर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और फुटपाथों पर रंग-बिरंगी राखियों की दुकानें लग गई है। आकर्षक डिजाइन, बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियों से लेकर पारंपरिक राखियों की विभिन्न वैरायटी बाजार में उपलब्ध है। दुकानदारों को पर्व के पहले अंतिम दिनों में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। रक्षाबंधन के लिए खरीदारी करने वाले लोग भी मौसम को देखते हुए बाजार का रूख करने की तैयारी कर रहे हैं। कई परिवार पर्व से एक-दो दिन पहले राखी, मिठाई और उपहारों की खरीदारी करते हैं। ऐसे में दुकानदारों की निगाह अब मौसम पर टिकी हुई है। कारोबारियों को उम्मीद है कि मौसम खुलने पर बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ेगी और राखी कारोबार को गति मिलेगी।

व्यवसायियों की चिंता बढ़ी

इधर मौसम के बदले मिजाज ने फुटपाथ कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। रिमझिम बारिश के बीच दुकानदार प्लास्टिक और तिरपाल लगाकर राखियों को सुरक्षित रखने में जुटे रहे। दुकानदारों का कहना है कि यदि बारिश लगातार होती रही तो बाजार में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है।

सुबह से देर शाम तक चलेगा जश्न का दौर, तैयारियों का दौर जारी

महापौर के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव का जन्मदिन 23 अगस्त को शहर में विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। महापौर के जन्म दिवस को लेकर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बधाई संदेशों वाले बैनर एवं पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं।



जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ पार्षद सावन वर्मा ने बताया कि जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम महापौर सपरिवार दिग्विजय कॉलेज रोड स्थित माता देवालय मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे तथा ग्राम देवी शीतला माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद सुबह 9.30 से 11.30 बजे तक महापौर श्री यादव रायपुर नाका स्थित समता वृद्धाश्रम पहुंचेंगे, जहां वे निवासरत बुजुर्गों के साथ समय बिताकर अपने जन्मदिन की खुशियां साझा करेंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक पुष्प वाटिका, रानीसागर स्थित योगा हॉल में जन्मदिन का मुख्य आयोजन रखा गया है। मोतीपुर रेजीमेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राजनांदगांव शहर एवं जिला सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले नागरिक, शुभचिंतक एवं समर्थक महापौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे। शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विभिन्न चौराहों पर मनेगा जश्न

श्री वर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाम 5 बजे भदौरिया चौक स्टेडियम रोड में राजनांदगांव शहर उत्तर मंडल भाजपा द्वारा जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम 5.30 बजे क्लब चौक बसंतपुर में राजनांदगांव शहर दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शाम 6 बजे नंदई चौक में स्थानीय पार्षदों द्वारा व शाम 6.30 बजे लखोली चौक में क्षेत्रीय पार्षदों द्वारा महापौर का जन्मदिन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। शाम 7 बजे महाकाल चौक (मानव मंदिर चौक) में महापौर मधुसूदन अपने शुभचिंतकों एवं चाहने वालों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा करेंगे। शाम 7.30 बजे चिखली स्थित गौठान मैदान में क्षेत्रीय पार्षदों की अगुवाई में महापौर मधुसूदन यादव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर समर्थकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

निर्विरोध अध्यक्ष बने कादिर सिद्दीकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तहसील अधिवक्ता संघ के द्विवर्षीय चुनाव में इस वर्ष पूरी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्राइम अधिवक्ता कादिर सिद्दीकी को तहसील अधिवक्ता संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ अन्य पदों पर भी अधिवक्ताओं का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिससे संघ में आपसी सहमति और एकजुटता का संदेश सामने आया है।



तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम के अनुसार कादिर सिद्दीकी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर हितेश मालेकर, महिला उपाध्यक्ष पद पर संघमित्रा धारगावे, सचिव पद पर संगीता शर्मा और सह-सचिव पद पर गजेंद्र बोरकर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध चुने जाने के बाद अधिवक्ता संघ से जुड़े सदस्यों और नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नगरवासियों और अधिवक्ताओं की ओर से भी नई कार्यकारिणी को बधाई देते उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। निर्विरोध निर्वाचन को संघ के भीतर आपसी समन्वय और सहमति का परिणाम माना जा रहा है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सामने तहसील स्तर पर अधिवक्ताओं से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रभावी तरीके से उठाने और उनके हितों के लिए काम करने की जिम्मेदारी होगी। अधिवक्ता संघ न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ ही स्थानीय स्तर पर नागरिकों को कानूनी सहायता और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ी सेवाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खबर संक्षेप

सरकारी जमीन बेचने की शिकायत

डोंगरगढ़। सालों पहले लीज में मिली जमीन को शासकीय अनुमति मिलने के बाद बेचा जा रहा है। खैरागढ़ रोड स्थित सौ साल पुरानी दाल मिल की खाली जमीन को बेचने के बाद ग्रीन गोल्ड पाईप फैक्ट्री की जमीन को बेचने की तैयारी शुरू हो गई है। जमीन को बेचने की अनुमति कैसे मिली इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सीएमओ राजेश तिवारी ने उक्त फैक्ट्री के संचालक को नगर पालिका के माध्यम से कालोनाईजर लाईसेंस देने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पुराने नाले पर कब्जा करने का मामला सामने आया था। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग ने एप्रोच रोड निर्माण की अनुमति दी है। इस नाले से पहाडी क्षेत्र और सडक का पानी बहता है। अवैध कब्जा होने से पानी का बहाव प्रभावित हो सकता है।

पानी टंकी के दुरूपयोग का आरोप

डोंगरगढ़। नगर के वार्ड 22 में शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग और जनप्रतिनिधि द्वारा धमकी देने का मामला सामने आया है।



वार्डवासियों ने सीएमओ से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों ने बताया कि फर्सी गली के बोर के पास लगी टंकी से पानी अवैध ईंटा भट्टा में ले जाकर उपयोग किया जा रहा है। टंकी के साथ लगा स्टैंड, समरसेबल पम्प और अन्य आवश्यक सामान भी गायब हो गया है। टंकी हटाए जाने के कारण ठेठवार पारा के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। शिकायत में बताया गया वहां पुरानी जर्जर सीमेंट की टंकी लगी है जो किसी काम की नहीं है।

टेट मुक्ति रैली 25 को

डोंगरगढ़। सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता आगामी 25 अगस्त को जिला मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, शिक्षा सचिव और डीपीआई के नाम से कलेक्टर और डीईओ को ज्ञापन देंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक गोपी वर्मा ने समस्त शिक्षकों से रैली में शामिल होने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि शिक्षक लंबे समय से शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराते रहे है इसी क्रम में टेट मुक्ति रैली का आयोजन किया जा रहा है।

भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर में यज्ञ-हवन

राजनांदगांव। ग्राम गठुला-भेड़ीकला से लगे ग्राम भाठागांव में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर की महापूजा व सुबह से दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक के साथ यज्ञ-हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस दौरान शिव स्त्रोत पाठ के साथ महामृत्युंजय मंत्र गुंजायमान बना रहेगा। मंदिर के पुजारी विजेंद्र दास ने बताया कि स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर में बंद घड़ी को स्पर्श करने से वह चालू हो जाता है।इससे बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान स्वयं-भू शिव लिंगेश्वर की यज्ञ-हवन के साथ महापूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अंत में मंदिर में विचरण करने वाले नाग देवता की पूजा पश्चात भोज-भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने दी।

कॉलेज में एनएसएस ओरिएन्टेशन प्रोग्राम आयोजित

राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 13 अगस्त को रासेयो ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने एनएसएस के नियमित व शिविर गतिविधियों, बैज, डायरी, खेल, एबीसी प्रमाण पत्र, गोद ग्राम, विभिन्न शिविरों, विभिन्न अधिकारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि रासेयो छात्रों के व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण सशक्त माध्यम है। इससे जुड़कर स्वयं सेवक अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता हैं। डॉ. एएन माखीजा ने कहा कि नशा उन्मूलन, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता जैसे कार्य स्वयं सेवकों द्वारा किया जाता है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत बनाने हेतु आव्हान किया। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि विद्यार्थी निःस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र की सेवा करते हैं। सभा को गुणवंता दास खरे व पुण्यप्रदा सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अधिक संख्या में रासेयो के स्वयंसेवक उपस्थित रहें।



आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत

गंडई पंडरिया। स्थानीय विश्रामगृह गंडई में गुरुवार को आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया का आगमन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया। उनकी उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई।विश्रामगृह पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने ढोल-ताशों और आतिशबाजी के साथ डॉ. भूरिया का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान स्व. गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण, देश में कंप्यूटर क्रांति और पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान जनक ध्रुव, लाल तारकेश्वर शाह खुशरो, शत्रुहन मन्नू चंदेल, अर्चन पोर्ते, संजू चंदेल, रमेश साहू, योगेंद्र ठाकुर, रिखीराम पटेल, हेमलता ठाकुर, दिलीप ओगरे, अमित टंडन, निरंजन धनकर, आत्मा वर्मा, फिरोज मेमन, कमलेश धुर्वे, शाद मेमन, चक्का मरकाम, भूपेंद्र रजक, शैलेन्द्र दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

डी. फॉर्मेसी द्वितीय वर्ष का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

राजनांदगांव। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी जो कि सीएसवीटीयू भिलाई से संबद्ध है। जिसका विगत दिवस घोषित डी. फॉर्मेसी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कविता यादव 85.27 प्रतिशत के साथ प्रथम, प्रिषा ठाकुर ने 82.36 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं शौर्य तिवारी ने 81.54 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान व अन्नु 80.09 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान एवं उदित्य हरिहरनो और ड़ाली साहू ने संयुक्त रूप से 79.81 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते आशीर्वाद प्रदान किया।

मोहड़ में सोलर प्लांट स्थापना का निरीक्षण

8 मेगावाट के सोलर प्लांट लगने से निगम का बिजली बिल होगा शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने नगर निगम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पूर्व में पार्षदों, व्यापारियों की कार्यशाला लेकर नागरिकों को योजना का लाभ देने जानकारी दी गई। साथ ही कालोनियों में भी जाकर सोलर प्लांट लगाने समझाईस दी जा रही है।

योजना का लाभ निगम में लेने महापौर मधुसूदन यादव ने निगम का बिजली बिल शून्य करने सोलर प्लांट लगाने की पहल की और उसके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने निगम एवं क्रेडा के अधिकारियों के साथ मोहड़ में स्थल निरीक्षण किया।

6 माह में स्थापना

महापौर श्री यादव ने कहा कि 8 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने की कार्ययोजना निगम एवं क्रेड़ा के अधिकारियों के साथ मिलकर बनाई गई है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा रहा है। 6 माह के अंदर प्लांट स्थापना की तैयारी की जा रही है, ताकि स्वयं बिजली उत्पादन कर नगर निगम बिजली बिल से मुक्त हो सके।



बिजली बिल के भार से मिलेगी मुक्ति

महापौर श्री यादव ने कहा कि नगर निगम को मोहारा फिल्टर प्लांट, स्ट्रीट लाईट, निगम कार्यालय व भवनों का प्रतिमाह लगभग एक करोड़ रुपए बिजली बिल चुकाना पड़ता है। जिसके कारण वेतन देने में कठिनाई आती है। सोलर प्लांट लगाने से बिजली बिल के भार से मुक्ति मिलेगी। निगम को 12 करोड़ रुपए वार्षिक भुगतान के आर्थिक भार से मुक्ति दिलाने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के नगर आगमन के दौरान सोलर प्लांट लगाने मांग की गई थी, उनकी सहमति एवं घोषणा अनुसार मोहड में सोलर प्लांट लगाने तैयारी की जा रही है। जिसके लिए स्थल निरीक्षण किया गया।

भूमि के लिए पत्र प्रेषित

आयुक्त श्री मरकाम ने जानकारी दी कि महापौर के साथ मोहड़ में स्थल निरीक्षण किया गया है और मोहड में राजगामी संपदा के स्वामित्व की भूमि मांग के लिए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया है। भूमि स्वीकृति पश्चात देय राशि भुगतान कर आबंटन उपरांत शासन से अनुदान प्राप्त कर प्लांट लगाने प्रक्रिया की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर एवं आयुक्त सहित लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती, पार्षद संजय रजक के अलावा निगम कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे व यूके रामटेके, क्रेड़ा विभाग के कार्यपालन अभियंता री संतोष कुमार, कनिष्ठ अभियंता मेघराज साहू आदि उपस्थित थे।

हरेली पर्व पर गूंजा नशामुक्ति का संदेश



राजनांदगांव। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के गोद ग्राम रामपुर में लोकपर्व हरेली को पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामाजिक सरोकारों के साथ धूमधाम से मनाया गया। हरेली उत्सव में जहां छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और पारंपरिक खेलों की झलक देखने को मिली। वहीं नशामुक्ति रैली के माध्यम से स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पमाला अर्पित कर किया। इस अवसर पर कांति सिन्हा भी उपस्थित रही। हरेली पर्व के अवसर पर ग्रामीणों ने फुगड़ी, बाटी, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों द्वारा नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करते युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसआर कन्नौजे, विनोद यादव, पंचगण, एनएसएस स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

यूनिट टेस्ट के अंकों ने पालकों की बढ़ाई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- शिक्षक पालक समिति की बैठक आयोजित

एनएसएम पब्लिक स्कूल अंबागढ़ चौकी में सत्र 2026-27 की पहली शिक्षक-पालक बैठक में पालकों ने प्रथम यूनिट टेस्ट में बच्चों द्वारा अर्जित अंकों पर संतुष्टि प्रकट की। पालकों ने बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से शिक्षकों तथा प्राचार्य के साथ अपने सुझावों को साझा किया। प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने आने वाले समय में बेहतर सुविधाओं के संदर्भ में पालकों को अवगत कराया। बैठक में पालक-शिक्षक संघ का गठन जिला शिक्षा विभाग के अनुपालन में किया गया।

प्रथम पालक-शिक्षक बैठक में पालकों को उनके बच्चों के प्रथम यूनिट टेस्ट के प्राप्त अंक से अवगत कराया गया। इस दौरान कमियां और बेहतर कार्य पर भी फोकस रहा। पालकों ने जहां और बेहतर शिक्षा की उम्मीद से अवगत कराया। वहीं प्राचार्य ने उससे कहीं अधिक अच्छे परिणाम का आश्वासन दिया। संघ में शामिल पदाधिकारियों ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। प्राचार्य ने पालकों को विश्वास दिलाया कि उनके बच्चों की बेहतर शिक्षा और संस्कार ही संस्था का लक्ष्य है। अंत में पालकों ने संस्था की कार्यसमिति तथा शिक्षकों के सहयोग को वनांचल में शिक्षा का अलख जगाने वाला संकल्प बताया।

चिखली स्कूल के 7 खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

जिले में खेल प्रतिभाओं ने गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल किया है। राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भिलाई में आयोजित संभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों में 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रियांशी मलगामे, माध्यिका में रितिमा मलगामे, 17 वर्ष बालिका वर्ग में श्राव्या तथा 19 वर्ष बालिका वर्ग में श्रीजल और गीतिका शामिल हैं। वहीं 19 वर्ष बालक वर्ग में दिवांशु ने भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। युमेश का 17 वर्ष वर्ग में अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से न केवल चिखली विद्यालय बल्कि पूरे जिले में खुशी का माहौल है।



राज्य स्तर पर दिखेगा दम

जानकारी के अनुसार 19 वर्ष आयु वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में 6 से 9 सितंबर तक आयोजित होगी, जबकि 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता अक्टूबर में सरगुजा में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर तुलिका प्रजापति, डीईओ योगदास साहू, बीईओ एसके धीवर, प्राचार्य विनोद कश्यप, जिला क्रीड़ा अधिकारी विनोद हथेल, विजय टेम्बुलकर, श्री रामटेके, परमिंदरसिंह ग्रेवाल, धीरज गोयल, जसवंतसिंह खालसा, अमृतपाल सिंह, आरएस गौर, मिथलेश सिंह ठाकुर, सरजीत चक्रवर्ती, इकबाल अहमद खान आदि ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है।

शतरंज स्पर्धा में स्नेहा का चौथा स्थान

जिले की संस्था का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनआरसीए शतरंज संस्था से जुड़ी भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जूनियर महिला शतरंज खिलाड़ी भारत की फिडे मास्टर कलकत्ता निवासी सत्रह वर्षीय स्नेहा हल्दर पिता भोगिरथ हल्दर ने 32वें अबुधाबी इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल में महिला ब्लिट्ज फार्मेट में आयोजित शतरंज स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया, इन्हें आयोजकों द्वारा अठारह हजार रुपए की राशि पुरस्कार में दी गई है।

स्नेहा हल्दर की अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रेटिंग शतरंज के सभी फार्मेट में 2200 से अधिक हो गई है, जो इनके शतरंज खेल के समर्पण को दर्शाती है। पिछले छह वर्षों से निरंतर स्नेहा हल्दर ने एनआरसीए राजनांदगांव जिले की इस संस्था का नाम छत्तीसगढ़ व भारतवर्ष में शतरंज के क्षेत्र में बढ़ाया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसका आभार संस्था द्वारा निरंतर किया गया है। स्नेहा हल्दर की सफलता का श्रेय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद, देबेन्दू बरुआ, असित बरन चौधरी, सारा बांग्ला शतरंज एसोसिएशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, आरबी रमेश, आरती, पीवी रवि, अभिजीत मंडल, कुमार व अन्य सभी को जाता है, जिन्होंने इन्हें अपना सहियोग दिया।

वर्तमान में स्नेहा हल्दर अबुधाबी में शतरंज खेल की अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा की क्लासिकल फार्मेट की



शतरंज स्पर्धा खेल रही है व जल्द भारत की महिला ग्रैंडमास्टर बनने की ओर अग्रसर है। संस्था के संरक्षक विवेक वासनिक, अध्यक्ष मोहम्मद अजहर नवाज, मो. शहरयार, बाबू रॉव, दीपक चौरसिया, डीएल टेम्भूरकर, शेख इदु, रामप्रसाद पाल व अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी संस्था के संयोजक मतीन खान द्वारा दी गई।

एक अच्छी तस्वीर बिना बोले भी बहुत कुछ कह जाती है : गुप्ता

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में पत्रकारिता तथा जनसंचार विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस पर सुंदर संस्कारधानी विषय पर फोटो एवं विशेष अतिथि व्याख्यान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बिचित्रानंदा पंडा रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं डॉ. बीएन जागृत की उपस्थिति रही।

प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर से पधारे मुख्य वक्ता डॉ. बिचित्रानंदा पंडा का महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते संबोधित किया कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है।



उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई फोटो प्रदर्शनी की सराहना करते विभाग के शिक्षकों के प्रयासों और विभागीय गतिविधियों की प्रशंसा की। डॉ. गुप्ता ने कहा कि एक अच्छी तस्वीर बिना बोले भी बहुत कुछ कह जाती है। डॉ. बीएन जागृत ने अपने उद्बोधन में आधुनिक दौर में तस्वीरों की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. बिचित्रानंदा पंडा ने प्रोजेक्टर प्रस्तुति के माध्यम से एक अत्यंत ज्ञानवर्धक, व्यावहारिक और इंटरैक्टिव सत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अमितेश सोनकर, डॉ. रेशमी, विभा सिंह का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन भागवत वर्मा तथा आभार प्रदर्शन विभा सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एनबीआईएस का समूह नृत्य प्रथम

स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने 21 अगस्त को अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा द्वारा आयोजित वंदे भारत समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर समूह नृत्य में प्रथम व समूह गीत को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। देशभक्ति विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में शहर के सभी स्कूलों ने अपनी सहभागिता निभाई, जहां एनबीआईएस बोरी ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि प्राप्त की।



प्रशस्ति पत्र व नगद राशि से सम्मानित

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी सभी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में पावनी मिश्रा, वृद्धि शर्मा, पलक जोशी, प्रकृति साव, पलक सिन्हा, हर्षिनी टक्कर, आध्या टांक, सान्वी वैष्णव, ओमनी बघेल, मात्रा तोतवानी, आंचल मोतियानी, मनस्वी भट्टड़, कनिष्का कुशवाहा, प्रिशीता श्रीवास्तव व प्रिशा जैन ने सहभागिता निभाई। इसी तरह सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांश अग्रवाल, कनिष्का साहू, अद्विका गौर, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, समृद्धी जैन, मनन पंजवानी, कौस्तुभ क्षीरसागर, हर्षित साहू व छयांक चौधरी ने हिस्सा लिया। बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में समूह नृत्य को प्रथम स्थान आने पर 3100 की नगद राशि प्रदान की गई। नृत्य का मार्गदर्शन शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा, प्रिया मन्ना व प्रिती मन्ना द्वारा किया गया। वहीं समूह गायन में शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू व कृति बख्शी द्वारा किया गया। शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

भव्य कांवड़ यात्रा आज

सड़क अतरिया। हिन्दू जनजागरण सेवा समिति एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से कल रविवार को नर्मदा से घटियारी शिव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा को लेकर समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लिया गया है। कल सुबह नौ बजे गाजे-बाजे और झांकी के साथ सैकड़ों शिवभक्त नर्मदा कुंड से जल भरकर तथा नर्मदा मैय्या का पूजा-अर्चना कर रवाना होंगे। यात्रा का गांव-गांव में भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा में भगवाधारी युवक-युवती एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगे। ज्ञात हो कि नर्मदा कुंड एवं घटियारी का शिव मंदिर दोनों काफी प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व वाला है। इसी आस्था को लेकर सावन माह में इस कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है।

रामचरित मानस में प्रभावशाली व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री रामायण प्रचारक समिति द्वारा तुलसी जयंती पर आयोजित अंतरशालेय रामचरित मानस व्याख्यान माला एवं भाषण प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ सीबीएसई की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की प्रियल राजा एवं कक्षा 10वीं की जयश्री गुप्ता ने रामचरित मानस के प्रसंगों पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत करते तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार उदयाचल राजनांदगांव में आयोजित अंतरशालेय प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा जयश्री गुप्ता ने भाषण प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने प्रसन्नता व्यक्त की। प्राचार्य अंकित व्यास ने छात्राओं को बधाई देते कहा कि "व्याख्यान माला जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को भी निखारती है। प्रियल राजा एवं जयश्री गुप्ता ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टुटेजा ने शुभकामनाएं दी।

उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में ईएलसी का गठन

राजनांदगांव। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) का गठन किया जाएगा। साथ ही संबंधित संस्थान के किसी अधिकारी को ईएलसी के नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता को बढ़ाने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने ईएलसी के नोडल अधिकारी एवं क्लब के सदस्यों के माध्यम से विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।







छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया पूर्व मुख्यमंत्री,
गरीब अऊ किसान के सुनईयां

मान. भूपेश बघेल जी

पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

को जन्मदिन की

23 अगस्त

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मा. नवाज भाई
पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव

उत्तम सिंह ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के.सी.जी.

विनीत- साकेत दुबे जिला कांग्रेस के.सी.जी.


छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र जनता के सच्चे सेवक
23 अगस्त
मान.
भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
को
जन्मदिन
की बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. नवाज़ भाई
पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राज.

समस्या: एक कमरे में पांच कक्षाओं का संचालन, शिक्षण कार्य प्रभावित

जर्जर भवन में पढ़ने-लिखने को मजबूर ग्रामीण व बैगा समाज के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत महीडबरा के आश्रित ग्राम कुशियारी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय का पुराना भवन लंबे समय से जर्जर हालत में है। स्थिति यह है कि भवन का अधिकांश हिस्सा खंडहर में तब्दील हो चुका है और वर्तमान में प्रधान पाठक कक्ष सहित महज एक कमरे में कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई संचालित की जा रही है। बारिश के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। जर्जर छत से पानी टपकने के कारण बच्चों को कमरे के भीतर बैठकर पढ़ाई करने में परेशानी होती है।

कई बार बच्चों को पानी से बचाकर बैठाने के लिए जगह बदलनी पड़ती है। ऐसे में न केवल पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि जर्जर भवन के बीच छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि भवन की हालत ऐसी है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। एक कमरे में पांच कक्षाओं की पढ़ाई विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण सभी कक्षाओं का संचालन एक ही कमरे में किया जा रहा है। एक ओर प्रधान पाठक कक्ष है, वहीं उपलब्ध सीमित स्थान में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इससे शिक्षण कार्य प्रभावित होने के साथ ही बच्चों को भी असुविधा होती है। छोटे बच्चों के लिए अलग-अलग कक्षाओं के अनुरूप सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे एक ही कमरे में पढ़ने को मजबूर विद्यालय में पर्याप्त कक्ष नहीं होने के कारण कक्षा पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई सीमित स्थान में संचालित हो रही है। प्रधान पाठक कक्ष सहित भवन की उपलब्ध जगह का उपयोग किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई और शिक्षण व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं।





बारिश में छत से टपकता है पानी

वर्तमान भवन भी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुका है। बारिश होने पर छत से पानी टपकने लगता है। कमरे में पानी आने के कारण बच्चों की किताबें, कॉपियां और शैक्षणिक सामग्री भी प्रभावित होने की आशंका रहती है। लगातार नमी और पानी के बीच बच्चों को बैठाना उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों की दृष्टि से उचित नहीं है। विद्यालय का शौचालय भी खराब स्थिति में है। विद्यार्थियों के लिए उपयोगी और सुरक्षित शौचालय की सुविधा नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय और सुरक्षित भवन जैसी बुनियादी सुविधाएं जरूरी हैं, लेकिन कुशियारी के स्कूल में इन सुविधाओं का अभाव दिखाई दे रहा है।

जिम्मेदारों से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक विद्यालय के लिए नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों के अनुसार गांव में उपलब्ध मंगल भवन में अस्थायी रूप से विद्यालय का संचालन किया जा सकता है। इससे बच्चों को जर्जर भवन से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पढ़ाई कराई जा सकेगी। ग्रामीणों ने विद्यालय के लिए नए भवन और शौचालय का जल्द निर्माण कराने की मांग भी की है, ताकि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

नया भवन बनने तक सुरक्षित स्थान पर पढ़ाई कराने की मांग ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर भवन में बच्चों को बैठाना जोखिम भरा है। गांव में मंगल भवन उपलब्ध है, जहां नया स्कूल भवन बनने तक अस्थायी रूप से कक्षाएं संचालित की जा सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पहल करने की मांग की है।

बरबसपुर में राखी बनाओ स्पर्धा संपन्न

- सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पेन कॉपी वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरबसपुर की छात्र-छात्राओं द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राखी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक आंतरिक गुणो को निखारने साथ ही राखी के महत्व को समझाना था। विद्यार्थियों ने धान चांवल, ऊन, कलर पेपर, मोती, दाल बीज आदि वस्तुओं से आकर्षक राखी बनाई, जिसे रक्षा सूत्र कहते हैं।

राखी बनाओं प्रतियोगिता की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया, वही इस आयोजन का अध्यक्षता शाला के प्रधान पाठक मुरली प्रसाद झारिया द्वारा किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा सुंदर राखी बनाएं गए। इस राखी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने धान चांवल, ऊन, कलर पेपर, मोती, दाल व बीज आदि वस्तुओं का प्रयोग कर सर्जनात्मक आकर्षक व सुंदर राखी तैयार व बनाकर भाई बहन के पवित्र रिश्ते को उजागर किया। प्रतियोगिता की निर्णायक दल में शिक्षिका रुद्राणी राजपूत, संध्या बंजारा व शिक्षक विपिन शर्मा उपस्थित थे, जिन्होंने राखी प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। इस दौरान स्कूल के प्रधान पाठक मुरली प्रसाद झारिया और शिक्षक फागुराम डिंडोरे ने विद्यार्थियों को आकर्षक प्रेरणादायक एवं मनमोहक राखी को देखकर कहां की यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाता है और सभी राखियां सराहनीय और प्रेरणादायक है जो भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को परिलक्षित करती है, उन्होंने इस पवित्र रिश्ते को बनाए रखने के लिए शुभ संदेश दिया और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पेन कॉपी का वितरण किया।

पांच दिवसीय श्रीराम कथा अमृत वर्षा का भव्य आयोजन



कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में सावन के पावन पर्व पर मां महामाया की असीम कृपा से पांच दिवसीय श्रीराम कथा अमृत वर्षा का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। मां महामाया समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम 20 अगस्त से 26 अगस्त तक चलेगा। कथा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। श्रीराम कथा के दौरान पंडित आलोक शर्मा, मेघनाथ शर्मा एवं पंडित सागर मिश्रा द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और उनके द्वारा दिए गए संदेशों का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा वाचकों द्वारा श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य, संस्कार, कर्तव्य और मानव जीवन के मूल्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें भी बताई जा रही हैं। कथा का श्रवण करने के लिए मोहतरा कला के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष एवं श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु भक्तिभाव से कथा सुनकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प ले रहे हैं तथा धार्मिक आयोजन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा कथा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिदिन भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रीराम कथा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष आस्था और उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में आध्यात्मिक वातावरण बनने के साथ-साथ लोगों में आपसी भाईचारा, सद्भाव और धार्मिक भावना भी मजबूत होती है। श्रीराम कथा अमृत वर्षा के आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

खबर संक्षेप

बोल बम कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत



कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में महावीर बोल बम समिति के कांवड़ियों के पहुंचने पर ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कांवड़ियों के स्वागत में ग्रामीणों ने फूलों की बारिश कर उनका वंदन किया। महावीर बोल बम समिति के कांवरिए अमरकंटक से पवित्र जल लेकर डोंगरिया महादेव पहुंचे और भगवान शिव को जल अर्पित करने के बाद कंझेटा पहुंचे। जहां कांवड़ियों के गांव पहुंचने पर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया सह प्रभारी एवं उपसरपंच संजय चंद्रवंशी की टीम द्वारा कांवड़ियों का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में दिनेश चंद्रवंशी, जिला भाजपा कार्यालय सहप्रभारी लोकनाथ, दीपचंद, रामकृष्ण, पिंटू, मन्नू, मुकेश, मनोज, बलराम सहित ग्रामवासी उपस्थित थें।

स्कूल की छत टपकने से पढ़ाई प्रभावित, विद्यार्थी परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम अमलीमालगी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में लगातार हो रही बारिश के कारण स्कूल भवन की छत जगह-जगह से टपक रही है। छत से पानी टपकने के कारण छात्र-छात्राओं को कक्षाओं में बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

बताया जा रहा है कि यह समस्या स्कूल के लगभग सभी कमरों में बनी हुई है। बारिश के दौरान छत से लगातार पानी टपकने के कारण कक्षाओं में पानी भर जाता है, जिससे बच्चों और शिक्षकों को काफी परेशानी होती है। स्कूल के प्रधानपाठक द्वारा छत की समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी जा चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले भी खबर के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया था, लेकिन अब तक स्कूल भवन की मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। लगातार बारिश के कारण स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

कई बार छत पर पानी जमा रहने के कारण भवन की छत से कंकड़ एवं निर्माण सामग्री के छोटे-छोटे टुकड़े भी गिरते रहते हैं। ऐसे में यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो समस्या और बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि स्कूल भवन की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि छत मजबूत हो सके और बच्चे सुरक्षित वातावरण में बैठकर पढ़ाई कर सकें।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कामठी विद्यालय में चंदन का किया गया पौधरोपण

- पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्यारह श्रीगंध (चंदन) के पौधों का रोपण किया गया। वनांचल क्षेत्र में स्थित विद्यालय में आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन व्याख्याता तुलसराम चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया।

विद्यालय परिवार ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय परिसर को हराभरा बनाने के साथ-साथ समाज में पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं' का सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन व्याख्याता तुलसराम चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन, व्याख्याता रामनाथ राजपूत, हीरालाल छापरिया, राजेश शर्मा, मनोज, आदित्य, शिक्षक रघुनंदन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

आंगनबाड़ी सड़क किनारे गड्ढे में भरा पानी

कवर्धा। गंगानगर में आंगनबाड़ी केंद्र के पास सड़क किनारे बड़ा गड्ढा हो गया है। बारिश के बाद गड्ढे में पानी भर गया है। इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। सड़क पर मोड़ होने के कारण पानी से भरे गड्ढे का अंदाजा वाहन चालकों को आसानी से नहीं लग पाता। दोपहिया वाहन चालकों के फिसलकर गिरने का खतरा बना हुआ है।

नलों से आ रहा गंदा पानी, सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बोड़ला के वार्ड क्रमांक 5 में नलों से साफ पानी के बजाय गंदा पानी आने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ी समस्या के कारण वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में नगर पंचायत के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। वार्ड निवासी दिवाकर खरे ने बताया कि उनके घर के नलों से साफ पानी के बजाय गंदा पानी आ रहा है। इस कारण पानी के उपयोग को लेकर लगातार परेशानी बनी हुई है। लोगों को पेयजल के साथ-साथ रोजमर्रा के घरेलू कामों के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पानी आने के बावजूद उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होने से लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं की गई है।

पोंड़ी पुलिस व गौ-सेवको नें भी निभाई सराहनीय भागीदारी

आवारा गौवंश को पहनाए रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

पोंड़ी चौकी क्षेत्रांतर्गत लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और वाहन चालकों के साथ-साथ गौ वंश की सुरक्षा के लिए कवर्धा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पोंड़ी चौकी पुलिस ने गौ सेवको की सहभागिता से हाईवे पर बैठे गौवंश के गले में रेडियम बेल्ट लगाए।

पोंड़ी चौकी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ, गौसेवकों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के हाईवे मार्ग पर मौजूद गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाए। प्रभारी राकेश कुमार नें बताया की रात और बारिश के दौरान सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेडियम बेल्ट पर वाहन की हेडलाइट पड़ते ही वह चमकने लगता है, जिससे चालक को गौवंश दूर से ही नजर आ जाता है और वह समय रहते वाहन की गति नियंत्रित कर सकता है।



रेडियम बेल्ट लगाने के दौरान बजरंग दल संयोजक वेद साहू, सह संयोजक दीपेश साहू, गौ रक्षा सह प्रमुख लल्ला यादव, प्रमोद साहू, डॉ गोपाल चंद्रवंशी एवं प्रकाश साहू सहित क्षेत्र के गौसेवकों और नागरिकों का सहयोग रहा।

हादसे में आएगी कमी

यहां बताना लाजमी होगा कि पोंड़ी पुलिस व गौ-सेवकों की इस सराहनीय पहल से सड़क पर बैठे गौवंश की गले में रेडियम बेल्ट पट्टी होने से वाहनों की हेडलाइट से चमकने से सड़क हादसे में कमी आएगी साथ ही साथ वाहन चालकों को गौवंश दूर से दिखाई देगी।



खबर संक्षेप



गाज गिरने से एक की मौत 3 व्यक्ति घायल

पंडरिया। पंडरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत डोमानपुर में शनिवार को खेत में धान लगाने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वीरेंद्र सतनामी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि करीब 20-25 लोग खेत में धान लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वीरेन्द्र उसकी चपेट में आ गया और उसकी तत्काल मृत्यु हो गई। वहीं 3 अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पंडरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अस्पताल में भर्ती दोनों घायलों की स्वास्थ्य स्थिति फिलहाल ठीक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में शोक का माहौल है।

कार्रवाई: चोरी की कांसे की सामग्री और 2,200 रुपए नगद बरामद

मंदिर में चोरी का खुलासा, पण्डरिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पण्डरिया पुलिस ने मंदिर में चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की कांसे की सामग्री, घटना के समय पहने कपड़े एवं गमछा और 2,200 रुपए नगद बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपी ने कवर्धा के एक अन्य मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पण्डरिया भूपत सिंह के दिशा-निर्देश में थाना पण्डरिया पुलिस ने कार्रवाई की। थाना पण्डरिया क्षेत्र के श्री राम जानकी मंदिर, रौहा पण्डरिया से चांदी एवं कांसे की सामग्री चोरी होने की शिकायत पर अपराध क्रमांक 156/2026, धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में भेजी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद टीम ने कवर्धा क्षेत्र से शेरा उर्फ कैलाश चंद्रवंशी आयु 25 वर्ष निवासी कंझेटा, थाना पाण्डातराई को गिरफ्तार किया है।



आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान किया गया बरामद

पूछताछ में आरोपी ने मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 2 कांसे की थाली, 1 कांसे की घंटी, 1 प्लेट, 2 कांसे की कटोरी और 1 कांसे का दिया बरामद किया। इसके अलावा घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े एवं गमछा तथा 2,200 रुपए नगद भी जब्त किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने रेवाबंध तालाब के पास स्थित हनुमान मंदिर, कवर्धा से चांदी का मुकुट चोरी करने की बात भी स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि उसने मुकुट को टुकड़ों में तोड़कर रास्ते में आने-जाने वाले राहगीरों को बेच दिया था। मामले की जानकारी थाना सिटी कोतवाली कवर्धा को प्रेषित कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पण्डरिया पुलिस द्वारा मामले में आगे की विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पण्डरिया निरीक्षक अजय सिंह एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

लापता अधेड़ का जंगल के पेड़ में लटका मिला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 10 बांधा टोला निवासी 55 वर्षीय सिराती निषाद का शव शनिवार सुबह दतिल्हा मंदिर के पास जंगल में पेड़ से लटकता मिला। मृतक बीते एक दिन से अपने घर से लापता था।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सिराती निषाद पिता धुरवा राम निषाद आयु 55 वर्ष बीते शुक्रवार से अचानक घर से गायब था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, तभी शनिवार सुबह बोड़ला से लगभग 4 किलोमीटर दूर दतिल्हा मंदिर के पहले मुख्य मार्ग से 100 मीटर अंदर जंगल में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और इसकी सूचना तत्काल बोड़ला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बोड़ला पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव की पहचान सिराती निषाद के रूप में की और फंदे से उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ कर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

पुलिस आरक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

पुलिस आरक्षक भर्ती की दूसरी सूची जारी करने की मांग



- सद् बुद्धि के लिए आरक्षक अभ्यर्थियों ने किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 के लिए जारी प्रथम सूची के बाद रिक्त 1600 पदों को द्वितीय सूची जारी कर भरने की मांग को लेकर बीते शुक्रवार को जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे प्रदेशभर के अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को आरक्षक पद के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के स्थानीय कार्यालय का घेराव करने निकले थे। लेकिन भारी सुरक्षा बल ने आधे रास्ते में ही इन प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को रोक लिया था।

जिसके बाद आक्रोशित अभ्यर्थी मौके पर ही धरने पर बैठ गए और अपनी मांगों व हक की आवाज बुलंद करते हुए पूरी रात धरना प्रदर्शन में ही गुजार दी। जानकारी के मुताबिक इन आंदोलनकारियों ने दूसरे दिन भी अपना प्रदर्शन जारी रखा और शनिवार को गृह मंत्री के कार्यालय के सामने उनकी सद् बुद्धि के लिए हवन कर जमकर नारेबाजी की।

करीब आठ माह से इंतजार

अभ्यर्थियों ने अपनी मांगे दोहराते हुए बताया कि पुलिस आरक्षक भर्ती 5967 से और इसमें अपनाई गई नियम प्रक्रिया से अभ्यर्थी खासे परेशान है। उन्होने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में एक व्यक्ति का एक से अधिक जिले की चयन सूची में नाम होने के कारण लगभग 4367 पद ही भरे गए हैं जबकि अभी भी लगभग 1600 पद रिक्त हैं। जिन्हें भरने की मांग अभ्यर्थियों द्वारा लगातार की जा रही है। इस विषय में बिलासपुर हाईकोर्ट ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रथम सूची से 5967 पदों को नहीं भरा जा सकता, इसलिए शेष पदों को दूसरी सूची के माध्यम से भरा जाए। लेकिन 7 से 8 माह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा दूसरी सूची जारी नहीं की है। अभ्यर्थियों ने शासन से तत्काल दूसरी सूची जारी कर शेष पदों को भरे जाने की मांग की है।

खिलाड़ियों ने गाड़े सफलता के झंडे, कुश्ती में सलीम को सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

पीएम श्री सेजेस बोड़ला के खिलाड़ियों ने खेल मैदान में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

धमतरी में आयोजित 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुश्ती अंडर-19 में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों अजित यादव कक्षा 12वीं, हर्ष वर्मा कक्षा 12वीं और सलीम पटेल कक्षा 12वीं का चयन हुआ था। इन खिलाड़ियों ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुश्ती के यू-19 फ्री-स्टाइल 79 किलो ग्राम वर्ग में सलीम पटेल ने अपनी शानदार तकनीक का परिचय देते हुए सिल्वर मेडल रजत पदक अपने नाम किया।

महज कुछ ही दिनों की कड़े अभ्यास के बल पर हासिल की गई इस सफलता से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन होनहार बच्चों को बेहतर संसाधन और खेल सुविधाएं मिलें, तो ये जल्द ही गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।



खो-खो और हॉकी में भी दिखा दबदबा

विगत 3 वर्षों से खो-खो प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर संघर्ष कर रही बोड़ला की टीम ने इस बार चयनकर्ताओं की मदद से एक मजबूत टीम के रूप में वापसी की। दुर्ग पुराई में आयोजित अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता में मोहन धुर्वे सर के मार्गदर्शन में तैयार इस टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। वहीं, हॉकी खेल में भी बोड़ला के बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना रहे हैं, जिन्हें हिमांशु चंद्रवंशी और ब्रिजेश चंद्रवंशी द्वारा निरंतर निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अधिकारियों और शिक्षकों के सहयोग से मिल रही सफलता

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार खरे, व्यायाम शिक्षकजगतारण झारिया के निरंतर मार्गदर्शन के साथ-साथ जिला खेल अधिकारी गोयलक, जिला प्रभारी दिनेश साहू और बीएसओ आदित्य द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा। खिलाड़ियों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमकांत मिश्रा, समिति के समस्त सदस्यों एवं स्कूल स्टाफ ने सभी विजेता व प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं तथा आगे भी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

ग्राम सूखाताल नवापारा में रामधुनी का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हर वर्ष के भोंति इस वर्ष भी ग्राम-सुखाताल नयापारा में 23 अगस्त 2026, दिन रविवार से 24 अगस्त 2026, दिन सोमवार तक 24 घंटे का श्री राम संकीर्तन रामधुनी (झुला) का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने कार्यक्रम में सभी सनातनधर्मियों को आमंत्रित किया है। आयोजक समिति के राजेन्द्र वर्मा, काशीराम वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, सुशील वर्मा, रामसुख वर्मा, दीपक वर्मा, आनंद वर्मा सहित ग्रामीणों क्षरा आयोजन की तैयारियां की जा रही है।

पांडातराई स्कूल में 101 छात्राओं को वितरित की गई निः शुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई में शासन की निः शुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शनिवार को 101 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। इसके बाद छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय में दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं के लिए यह योजना विशेष रूप से मददगार साबित होगी। साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा के साथ समय और श्रम की भी बचत होगी।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुशील गुप्ता, सभापति रामु पांडे, अखंडानंद मिश्रा, सूर्यकांत सोनी, कन्हैया चंद्रवंशी, सुरेंद्र कुंभकार, संजय चंद्रवंशी, प्राचार्य आरके साहू, नरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, निर्देश कुमार बंजारे, संजय शर्मा, सौरभ तिवारी, गजानन सिंह राजपूत, महेश्वर पटेल, देवराज जांगड़े, आत्माराम साहू, देवेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में कवर्धा से दो रोवर सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा आयोजित की गई।

राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी, अभनपुर जिला रायपुर में 17 से 21 अगस्त 2026 रोवर विंग सीनियर स्काउट की परीक्षा आयोजित किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी के मार्गदर्शन एवं रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू के नेतृत्व में जिले से चयनित 02 रोवर जांच परीक्षा में शामिल हुए।

समस्त प्रतिभागियों को जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त बीएसजी एफआर वर्मा व समस्त स्काउटर गाइडटर ने जाँच परीक्षा में शामिल होने के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

05 भैंस और 01 पिकअप वाहन कुल कीमत 10 लाख की संपत्ति की गई जब्त

पशु तस्करी तीन आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना पुलिस ने पशु तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 5 भैंस और पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन जप्त किया है।

आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 52/2026, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 2004 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकदुर पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम अमलीटोला बदना, कारीढाप रोड, कुकदूर क्षेत्र में मवेशियों को पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक बिना चारा-पानी के कत्लखाने ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन को रोककर जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 5 नग भैंस पाए गए, जिन्हें बिना वैध दस्तावेज व उचित चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक परिवहन किया जा रहा था।

मामले में जोहन सिंह मरावी आयु 35 वर्ष निवासी कारीढाप, थाना कुकदूर हीरापन्ना बघेल आयु 38 वर्ष वर्ष निवासी परसाकांपा, थाना लालपुर, जिला मुंगेली, एवं दुबेन्द्र धृतलहरे आयु 30 वर्ष, निवासी देवरी, थाना मुंगेली, जिला मुंगेली के विरुद्ध थाना कुकदूर में अपराध क्रमांक 52/2026, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ पशु कृषक परिरक्षण अधिनियम, 2004 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन किया गया जप्त



पुलिस द्वारा कार्रवाई में 5 नग भैंस, कीमत 1,00,000 रुपए तथा एक महेन्द्र बोलेरो पिकअप वाहन, कीमत 9,00,000 रुपए, कुल 10,00,000 की संपत्ति जब्त की गई है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक गोविंद चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, प्रधान आरक्षक संजू झारिया, आरक्षक द्धुजराम सिंद्रोम, आरक्षक कृष्ण कुमार धुर्वे, आरक्षक पंचम बघेल, आरक्षक सुनील नायक एवं आरक्षक जगदीश मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पूर्णतः अंकुश लगाने यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

टेट मुक्त रैली और ज्ञापन 25 अगस्त को



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी कि अध्यक्षता में स्थानीय कर्मचारी भवन में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार आगामी 25 अगस्त को जिला मुख्यालय में टेट मुक्त रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व सचिव के नाम पांच सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा जायेगा, जिसमें जिले के सभी शिक्षक शामिल होंगे। यह रैली शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर में निकाला जायेगा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति, पूर्व सेवा गणना, वेतन विसंगति दूर करने केंद्रीय वेतनमान, शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स आदि से सम्बंधित मुद्दे शामिल रहेगा। इस दौरान वीएसके एप्प से अटेंडेंस के बजाय शासन द्वारा डिवाईस उपलब्ध कराने, सेवापुस्तिका सत्यापन, सीजीपीएफ पासबुक में डीडीओ का हस्ताक्षर कराने, विधानसभा में किये गए घोषणा के अनुरूप कैशलेश चिकित्सा हेतु स्पष्ट व सरल प्रक्रिया जारी करने, उच्च परीक्षा हेतु अनुमति पत्र जारी करने कि मांग किया गया। बैठक के प्रारम्भ में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने जिला व प्रांतीय स्तर के संघीय गतिविधियों कि विस्तार से जानकारी प्रदान किया, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये जाने के बाद सभी निर्णय सर्वम्मति से लिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, वंदना तागड़े, मनोज कौशिक, लक्ष्मण मिरि, दिलीप धुर्वे, चिंतराम पटेल, चद्रिका साहू, शहीदन खान, नरेन्द्र चंद्रौल, लक्ष्मण चन्द्रवंशी, भूपेंद्र साहू, रामसिंह धुर्वे, नंदराम यादव आदि उपस्थित रहे।

मोहड़ में सोलर प्लांट स्थापना का निरीक्षण

8 मेगावाट के सोलर प्लांट लगने से निगम का बिजली बिल होगा शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने नगर निगम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पूर्व में पार्षदों, व्यापारियों की कार्यशाला लेकर नागरिकों को योजना का लाभ देने जानकारी दी गई। साथ ही कालोनियों में भी जाकर सोलर प्लांट लगाने समझाईस दी जा रही है।

योजना का लाभ निगम में लेने महापौर मधुसूदन यादव ने निगम का बिजली बिल शून्य करने सोलर प्लांट लगाने की पहल की और उसके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने निगम एवं क्रेडा के अधिकारियों के साथ मोहड़ में स्थल निरीक्षण किया।

भूमि के लिए पत्र प्रेषित

आयुक्त श्री मरकाम ने जानकारी दी कि महापौर के साथ मोहड़ में स्थल निरीक्षण किया गया है और मोहड में राजगामी संपदा के स्वामित्व की भूमि मांग के लिए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया है।

6 माह में स्थापना

महापौर श्री यादव ने कहा कि 8 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने की कार्ययोजना निगम एवं क्रेड़ा के अधिकारियों के साथ मिलकर बनाई गई है। जिसका प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा रहा है। 6 माह के अंदर प्लांट स्थापना की तैयारी की जा रही है, ताकि स्वयं बिजली उत्पादन कर नगर निगम बिजली बिल से मुक्त हो सके।



बिजली बिल के भार से मिलेगी मुक्ति

महापौर श्री यादव ने कहा कि नगर निगम को मोहारा फिल्टर प्लांट, स्ट्रीट लाईट, निगम कार्यालय व भवनों का प्रतिमाह लगभग एक करोड़ रुपए बिजली बिल चुकाना पड़ता है। जिसके कारण वेतन देने में कठिनाई आती है। सोलर प्लांट लगाने से बिजली बिल के भार से मुक्ति मिलेगी। निगम को 12 करोड़ रुपए वार्षिक भुगतान के आर्थिक भार से मुक्ति दिलाने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के नगर आगमन के दौरान सोलर प्लांट लगाने मांग की गई थी, उनकी सहमति एवं घोषणा अनुसार मोहड में सोलर प्लांट लगाने तैयारी की जा रही है। जिसके लिए स्थल निरीक्षण किया गया।

शतरंज स्पर्धा में स्नेहा का चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनआरसीए शतरंज संस्था से जुड़ी भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जूनियर महिला शतरंज खिलाड़ी भारत की फिडे मास्टर कलकत्ता निवासी सत्रह वर्षीय स्नेहा हल्दर पिता भोगिरथ हल्दर ने 32वें अबुधाबी इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल में महिला ब्लिट्ज फार्मेट में आयोजित शतरंज स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया, इन्हें आयोजकों द्वारा अठारह हजार रुपए की राशि पुरस्कार में दी गई है।

स्नेहा हल्दर की अंतर्राष्ट्रीय शतरंज रेटिंग शतरंज के सभी फार्मेट में 2200 से अधिक हो गई है, जो इनके शतरंज खेल के समर्पण को



दर्शाती है। पिछले छह वर्षों से निरंतर स्नेहा हल्दर ने एनआरसीए राजनांदगांव जिले की इस संस्था का नाम छत्तीसगढ़ व भारतवर्ष में शतरंज के क्षेत्र में बढ़ाया है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसका आभार संस्था द्वारा निरंतर किया गया है। स्नेहा हल्दर की सफलता का श्रेय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद, देबेन्दू बरुआ, असित बरन चौधरी, सारा बांग्ला शतरंज एसोसिएशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, आरबी रमेश, आरती, पीवी रवि, अभिजीत मंडल, कुमार व अन्य सभी को जाता है, जिन्होंने इन्हें अपना सहियोग दिया।

वर्तमान में स्नेहा हल्दर अबुधाबी में शतरंज खेल की अंतर्राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा की क्लासिकल फार्मेट की शतरंज स्पर्धा खेल रही है व जल्द भारत की महिला ग्रैंडमास्टर बनने की ओर अग्रसर है। संस्था के संरक्षक विवेक वासनिक, अध्यक्ष मोहम्मद अजहर नवाज, मो. शहरयार, बाबू रॉव, दीपक चौरसिया, डीएल टेम्भूरकर, शेख इदु, रामप्रसाद पाल व अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

सरकारी जमीन बेचने की शिकायत

डोंगरगढ़। सालों पहले लीज में मिली जमीन को शासकीय अनुमति मिलने के बाद बेचा जा रहा है। खैरागढ़ रोड स्थित सौ साल पुरानी दाल मिल की खाली जमीन को बेचने के बाद ग्रीन गोल्ड पाईप फैक्ट्री की जमीन को बेचने की तैयारी शुरू हो गई है। जमीन को बेचने की अनुमति कैसे मिली इसकी जानकारी किसी को नहीं है। सीएमओ राजेश तिवारी ने उक्त फैक्ट्री के संचालक को नगर पालिका के माध्यम से कालोनाईजर लाईसेंस देने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पुराने नाले पर कब्जा करने का मामला सामने आया था। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग ने एप्रोच रोड निर्माण की अनुमति दी है।





हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 23 अगस्त 2026

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मचेगी दही लूट की धूम, टोलियां दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांसुरी-मुकुट और मोर पंख से सजा बाजार, दही हांडी लूट प्रतियोगिता की तैयारी में जुटी समितियां

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व को लेकर बाजार सज गया है। जन्माष्टमी को लेकर व्रती और दही-हांडी लूट स्पर्धा आयोजन समितियों में उत्साह नजर आ रहा है। शहर के गोलबाजार सहित अन्य बाजार इलाकों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए पूजन सामग्री व सजावटी सामान की दुकानें सज गई है, जहां भगवान कृष्ण के उपासक पूजा सामग्री की खरीदारी करने पहुंचे रहे हैं। वहीं शहर के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समितियों के सदस्य भी दही-हांडी, सजावटी सामान, तोरन, पताका की खरीदारी और स्पर्धाओं के आयोजन की कार्ययोजना बनाने में जुट गए हैं।

अलग खबर

दही-हांडी लूट प्रतियोगिताएं रहेंगी खास

राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन दही-हांडी लूट का आयोजन होता है। जिसमें शहर के कई स्थानों पर समितियों की ओर से कार्यक्रम होने वाला है। जिले के डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाली दही हांडी में महाराष्ट्र, एमपी सहित कई इलाकों से टीमें पहुंचती है। इसके अलावा राजनांदगांव शहर के कमला कॉलेज चौक, अंबेडकर चौक, मानव मंदिर चौक सहित मोहल्लों में जगह-जगह दही-हांडी लूट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जहां कई गांव से टोलियां स्पर्धा में हिस्सा लेने पहुंचती है।



पोशाकों की मांग बढ़ी

व्यापारियों ने बताया कि दही हांडी लूट प्रतियोगिता में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस स्पर्धा का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें 5 से 10 वर्ष के बच्चे हिस्सा लेते हैं। उनके लिए कृष्णजी, राधाजी की पोशाक, मुकुट, बांसुरी, मोरपंख की खरीदारी की जाती है। वहीं श्रीकृष्ण मंदिरों व घरों पर कृष्णजी की पूजा के लिए कान्हा की मूर्ति, पालना, दही हांडी, सजावटी सामान की मांग हो रही है। इसके अलावा पूजा सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही भक्ति-रोमांच से धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का बच्चे-बड़े सभी वर्गों को बेसब्री से इंतजार रहता है। जन्माष्टमी पर दही-हांडी लूट स्पर्धा के दौरान गोविंदा आला रे... का शहर की गलियों में शोर मचता है। वहीं जगह-जगह होने वाली दही-हांडी लूट स्पर्धा में पुरूष, महिला, बच्चों की कान्हा टोलियां दही लूट का विजेता बनने जोर आजमाते हैं। शहर की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समितियों के सदस्यों ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में कई राज्यों से भी टोलियां आने वाली है, जो प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना दमखम दिखाएंगी। वहीं विविध सांस्कृतिक आयोजनों की भी धूम मचेगी।

पिता ने दर्ज कराई थी एफआईआर, तीन दिन में सुलझा मामला

शराब पीने से मना करने को लेकर विवाद पर पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

थाना मोहगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुमरिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शराब पीने के विवाद पर एक पति ने अपनी ही पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। मृतिका के पिता की शिकायत और मर्ग जांच के दौरान हत्या का खुलासा होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अगस्त 2026 की रात्रि 9 बजे से 20 अगस्त 2026 की सुबह 7 बजे के बीच ग्राम डुमरिया निवासी मृतिका राधाबाई 40 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतिका के पिता परषोत्तम धुर्वे निवासी गोलरडीह ने 20 अगस्त को दोपहर 12.50 बजे थाना मोहगांव में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया था कि उनकी बेटी की मौत को लेकर उन्हें संदेह है।



पुलिस ने की कार्रवाई

मामले में प्रथम दृष्टया भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध पाए जाने पर थाना मोहगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र टंडन एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

डंडे से की मारपीट

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र टंडन द्वारा तुरंत मर्ग जांच शुरू की गई। जिसमें शव का पंचनामा कर गवाहों के कथन दर्ज किए गए और मृतिका का शॉर्ट पीएम कराया गया। डॉक्टर की पीएम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि मृतिका की मौत किसी ठोस वस्तु से सिर पर गंभीर चोट पहुंचाए जाने के कारण हुई है। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपी पति नारायण मेरावी 45 वर्ष शाम को बाजार से लौटने के बाद शराब के नशे में था, जब पत्नी राधाबाई ने उसे शराब पीने से मना किया, तो आरोपी ने गुस्से में आकर डंडे से उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में बेरहमी से मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई।

मवेशी तस्करी के 3 मामले में एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिले के तीन अलग-अलग स्थानों पर मवेशियों को अवैध रूप से महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में छुईखदान एवं साल्हेवारा पुलिस ने कार्रवाई की है। तीन मामलों में कुल 30 नग मवेशी बरामद किए गए हैं।



पुलिस के मुताबिक छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिला कि जंगल के रास्ते पैदल-पैदल डंडा से मारते-पीटते रस्सी से बांधकर कुछ लोग पशुओं को बिना चारा-पानी के निर्दयतापूर्वक हांकते हुए कत्लखाना महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे। सूचना पर पुलिस ने माधवभट्ट जंगल के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। इस मामले में आरोपी पीरज उईके 26 साल, संदीप देहारे 32 साल व राधेलाल गोड़ 50 साल सभी निवासी चीसटोला थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र के कब्जे से भैंस कुल 20 मवेशी जब्त कर श्रीराम गौसेवा समिति छुईखदान को सुपुर्द किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते धारा 4, 6, 10 छग कृषिक पशु परिरक्षण अधि. 2004 एवं पशुओं के प्रतिक्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को न्यायालय छुईखदान में पेश किया गया, जिसे न्यायालय के आदेशानुसार उपजेल सलोनी भेजा गया। पुलिस के अनुसार 21 अगस्त को थाना साल्हेवारा में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में पशु को ठूंसकर भरकर बिना चारा-पानी के अवैध रूप से परिवहन करते नागपुर की ओर कत्लखाना ले जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना साल्हेवारा में पंजीबद्ध कर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

नाकाबंदी कर चेकिंग

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान साल्हेवारा थाना के सामने में नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद एक सफेद रंग का बोलेरो पिकअप वाहन आया, जिसे रोककर चेकिंग किया गया। वाहन में बैठे दो व्यक्ति से उनका नाम-पता पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अमन मेरावी एवं अजय वीके बताया। वाहन को चेक करने पर उसमें 6 नग भैंस व भैंसी को क्रूरतापूर्वक भरा होना पाया गया।

वाहन में थे मवेशी

इसी प्रकार दूसरे मामले में मुखबीर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा साल्हेवारा थाना के सामने नाकाबंदी कर एक सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर चेकिंग किया गया। वाहन में बैठे दो व्यक्ति से उनका नाम-पता पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम हरिशंकर ध्रुव एवं उमेश कुमार साहू होना बताया। वाहन को चेक करने पर उसमें 4 नग भैंस व पड़वा क्रूरतापूर्वक भरा होना पाया गया।



खबर संक्षेप

प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

सहसपुर दल्ली। स्थानीय हाईस्कूल में गत दिनों ग्राम पंचायत ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया।मुख्य अतिथि सरपंच ज्योति भुवन गंधर्व थी। अध्यक्षता देवलाल साहू ने की। कार्यक्रम में विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व प्रभारी प्राचार्य को मीरा वर्मा ने सम्मानित किया। सरपंच ने



कक्षा पहली से 10वीं तक में प्रथम, द्वितीय आए छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया। गया एवं संकुल प्राचार्य महोदय श्री मिलिंद मुदलियार जी के द्वारा सभी बच्चों को गमला सहित एक पेड़ सफलता के नाम दिया गया। संचालन स्वाति जैन ने किया। इस अवसर पर खेमचंद साहू, पोषण साहू, कैलाश यादव, भुवन गंधर्व, वंदिता महोबिया, विजिया लहरे, शबनम खान, कमल किशोर मिश्रा, विनोद अलमोरे, उपेन्द्र साहू, जितेन्द्र हिरवानी, मो इकबाल खान आदि मौजूद थे।

घटिया निर्माण की शिकायत

घुमका। नगर के वार्ड 5 में बनाई गई नाली और सीसी रोड की जांच कराने की मांग करते हुए वार्डवासियों ने तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पीताम्बर निषाद, पीयूष दुबे, गंगेश्वर वर्मा, आशीष खोब्रागढ़े, तामेश्वर वर्मा, उमाकांत साहू, संजय साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद यदु, बुधारु, शेखर, विक्की, हरीश, छबिराम ने बताया कि 70 लाख की लागत वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण गुणवत्ता विहीन है। उन्होंने निर्माण की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



प्रधान पाठक धनुष कंवर सम्मानित

मुरमुंदा। राज इंपीरियल राजनांदगांव में गत दिनों विनोबा टीम एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिक्षण उत्सव में प्राथमिक शाला भरूहाटोला में पदस्थ प्रधानपाठक धनुषराम कंवर को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, रत्नेश कन्नौजे, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, रवि कुमार चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर, भुवनेश्वर कंवर, शिव कुमार कंवर, गजेंद्र मंडावी ने बधाई दी है।



बिजली को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाने एवं बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में प्रस्तावित आंदोलन की रणनीति तैयार करने शुक्रवार को विधायक निवास में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी पदम कोठारी, विधायक इंद्रशाह मंडावी, भोलाराम साहू सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाने एवं बिजली दरों में वृद्धि से आर्थिक भार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष बालचंद कोरेटी, मुकेश सिन्हा,



महिला कांग्रेस अध्यक्ष साहिदा खान, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, रितेश मेश्राम, मीना मांझी, लता साव, पंकज बांधव, दिनेश शाह मंडावी, जिपं सदस्य शेश्वरी धुर्वे, विद्यावती ताम्रकर, रवेंद्र मांझी, सालिक मिंज, कन्हैया राजपूत, मोहित कोठारी, बृजलाल दुग्गा, भूषण तिवारी, अवध चुरेंद्र, उत्तरा निषाद, दादू शेंडे, राजकुमार ध्रुव, पन्ना मेश्राम, अजय राजपूत, श्याम लाटा सहित अन्य मौजूद थे।

घर-घर किया संपर्क

पदाधिकारियों ने कहा कि बिजली आम जनता की मूलभूत आवश्यकता है। बिजली बिलों में बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर को लेकर आम उपभोक्ताओं में चिंताओं को कांग्रेस मजबूती के साथ उठाएगी। बैठक में आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन करने की रणनीति तैयार की गई। बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने के फार्म भरवाए। इस मौके पर उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

कावड़ यात्रा आज निकलेगी

गंडई पंडरिया। जनजागरण सेवा समिति ने कल 23 अगस्त को कावड़ यात्रा का आयोजन किया है। यह यात्रा माँ नर्मदा मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ शुरू होगी। मुख्य मार्ग से गंडई होते हुए यात्रा घटियारी के प्राचीन शिव मंदिर पहुँचेगी। यात्रा के दौरान कावड़ियों पर पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया जाएगा। कावड़ियों और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रेस क्लब गंडई ने रेस्ट हाउस के सामने पेयजल की व्यवस्था करना तय किया है। विभिन्न स्थानों पर भक्तों के लिए अल्पाहार, जलपान और फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। जनजागरण सेवा समिति के संरक्षक खम्हन तामकार ने क्षेत्र के नागरिकों से यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर जितेंद्र यादव ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नपं अध्यक्ष फूलमती वर्मा ने सोनोग्राफी की सुविधा, रिक्त पदों पर डाक्टरों की पूर्ति करने की मांग रखी। पत्रकार महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ने खसरा 1077 स्थित सरकारी बगीचा की 2.11 एकड़ में आधी से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा करने की जानकारी देते हुए मुक्त कराने की मांग रखी। श्री राठौर ने तहसीलदार मुकेश ठाकुर को कार्रवाई करने निर्देशित किया।

खसरा नंबर 1053/3 सड़क मद की भूमि को तबादला किए जाने पर भी सवाल उठाया गया। उन्होंने कार्यालय में अपील करने का सुझाव देते हुए कहा कि तबादला निरस्त कर दिया जाएगा।

नारी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहारा

वार्षिक आमसभा के अंतर्गत मोहरा में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष लता अजय सिंहा एवं जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में विहान की सभापति प्रतिमा विष्णु खरे, सुरेश कुमार वर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

आमसभा के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज और परिवार के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना आवश्यक है। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सिंहा ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

बुरे काम का बुरा परिणामः आर्यिकाश्री

- जिस घर में साधु के आहार होते हैं, वह मंदिर समान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका तपोमति माता ने शनिवार सुबह धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं को शुद्ध आहार, साधु सेवा और जीवन की पवित्रता पर मर्मस्पर्शी मार्गदर्शन दिया।आर्यिका श्री ने कहा कि हर गृहस्थ को हमेशा शुद्ध और सात्विक आहार ही ग्रहण करना चाहिए। मन में हमेशा यह पावन भाव रखें कि जब भी कोई साधु नगर में आए, तो उन्हें आहार दान करने का सौभाग्य मिले। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि स्वयं को आहार दान का अवसर न मिले, तो कभी भी दूसरों के पुण्य में बाधा न बनें। किसी को रोकने से अंतराय कर्म का तीव्र बंध होता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में साधु के आहार होते हैं, वह घर साक्षात मंदिर बन जाता है। जब भी साधु को आहार देने जाएं, तो अपने घर से कुछ न कुछ शुद्ध सामग्री अवश्य लेकर जाएं।

प्रवचन के दौरान रामायण के एक प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए साध्वी श्री ने बताया कि वनवास के दौरान भगवान श्री राम और माता सीता ने पूरी श्रद्धा और मनोयोग से रसोई तैयार कर साधु को आहार कराया था। इस अलौकिक दृश्य को देखकर जटायु को आत्मग्लानि होने लगी कि वह अपनी पूर्व की मायाचारी के कारण इस महान सौभाग्य से वंचित रह गया। माता जी ने सीख दी कि जीवन में कभी भी मायाचारी नहीं करना चाहिए। भारत की मूल संस्कृति हमेशा से अतिथि देवो भव की भावना और गौरवशाली परंपरा पर टिकी है।

गर्भपात घोर पाप




समाज में बढ़ती गर्भपात की प्रवृत्ति पर कड़ा प्रहार करते हुए साध्वी श्री ने इसे महापाप और जीव हिंसा बताया। उन्होंने कहा कि गर्भपात करने वाला या इस कृत्य में सहभागी बनने वाला व्यक्ति जन्म-जन्मांतर तक संतान सुख से वंचित हो जाता है। ऐसा व्यक्ति किसी साधु को आहार देने की पात्रता भी खो देता है। इसलिए न तो कभी गर्भपात कराएं और न ही इसका समर्थन करें। इसके विपरीत, किसी अक्षम व्यक्ति की मदद कर उसे सक्षम बनाने का करुणा भाव रखें। याद रखें, जैसा करोगे, वैसा भरोगे, इसलिए हमेशा अपने भावों को शुद्ध और परोपकारी बनाए रखें।

किचन और बाथरूम अलग हो


आधुनिक गृह निर्माण पर चिंता व्यक्त करते हुए आर्यिका श्री ने कहा कि आजकल किचन और बाथरूम का एक साथ निर्माण करने का चलन बढ़ गया है, जो पूरी तरह गलत है। ऐसा करने से घर की आंतरिक शुद्धता और पवित्रता नष्ट होती है, जिसके परिवार पर गंभीर और नकारात्मक परिणाम भुगतने पड़ते हैं।






लोकप्रिय, जननायक, महापौर एवं पूर्व सांसद
माननीय
मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
23 अगस्त
दिनेश गांधी
रमजान बड़गुजर
सिद्दिक बड़गुजर
रामकिशन
स्वरूपचंद जैन
धनराज
रामकुमार गुप्ता
कैलाश शर्मा
बलराज तिवारी
इंदरचंद
संतोष यादव
अरुण जैन
मनीष बोहरा
नंदलाल कुंभकार
उपसरपंच कोहका
राजेश जैन पिंटू
डोंगरगांव


- राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद, लोकप्रिय जन नेता -
महापौर नगर पालिक निगम, राजनांदगांव
मान. मधुसूदन यादव जी
23 August को जन्मदिन की
बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं...
जीवेत शरदः शतम्
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता, खुज्जी विधानसभा, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
BJP


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर,
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरदः शतम्


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर, पुर्व सांसद
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरदः शतम्
गोलु गुप्ता
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी (द) राजनांदगांव
विनीत - भारतीय जनता पार्टी (द) राजनांदगांव

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरद: शतम्
नरेन्द्र यादव (मुन्ना)
मॉर्निंग वॉक ग्रुप
सादगी, सेवा और समर्पण की आप जीती-जागती मिसाल हैं,
शहर के मान-सम्मान में हमारे महापौर जी बेमिसाल हैं।

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August
जीवेत शरद: शतम्
राजेन्द्र जैन (बन्टू)

हम सब के प्रिय जननायक, महापौर, पुर्व सांसद
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
अध्यक्ष
मधु बैद
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा
(दक्षिण मंडल) राजनांदगांव
विनीत : शहर भा.ज.पा. महिला मोर्चा दक्षिण मंडल, राजनांदगांव


जन्मदिन की अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं
महापौर माननीय मधुसूदन यादव जी
आदरणीय दिनेश गांधी जी
सम्मनीय स्वरूपचंद जैन जी
रुपकुमारी चौधरी
विभा अवस्थी
पुष्पा गायकवाड़
एलन साहू
ममता पटेल
मेघा साहू
कोषाध्यक्ष, जिला भाजपा महिला मोर्चा
सीए हिना जैन


आदरणीय
मधुसूदन यादव
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ
शरद वैष्णव
अध्यक्ष, मंडल भाजयुमो, डोंगरगांव


23rd August
आदरणीय
मधुसूदन यादव
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ.ललित रामटेके
जिला कोषाध्यक्ष
अनु. जाति मोर्चा, राजनांदगांव



लोकप्रिय, जननायक, महापौर एवं पूर्व सांसद
माननीय
मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चुन्नी यदु
जागृति यदु
सभापति, जिला पंचायत
23 अगस्त
दिना पटेल
जागेश्वर यादव
भूवन साहू
हेमंत चोपड़ा
सतीश पांडे
दिनेश साहू
अजय वैष्णव
टीकम पटेल
गणेश्वर


जननायक माननीय
मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत : भारतीय जनता पार्टी डोंगरगांव/अर्जुनी/तुमड़ीबोड़
मधु फैंस क्लब, ब्लाक डोंगरगांव


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर पुर्व सांसद
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
सावन वर्मा
सुनील साहू
राजा माखिजा
रानू जैन
आलोक श्रोती
संकी बग्गा
डिलेश्वर साहू
वर्षा शरद सिन्हा
केवरा विजय राय
बीना ध्रुव
23 August जीवेत शरद: शतम्
DESIGN 90398-21119
शुभेच्छु : समस्त भाजपा पार्षदगण, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)


हम सब के प्रिय जननायक, महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
गगन आईच (पूर्व पार्षद)
अभिषेक शर्मा
प्रतिक वैष्णव
प्रियशु गुप्ता
स्पर्श खरे
अंकित यादव
डोमेश साहू
23 August जीवेत शरद: शतम्
DESIGN 90398-21119
विनित : मधु फैन्स,महाराणा प्रताप चौक,राजनांदगांव,छ.ग.


जय यादव
जय श्री कृष्णा
जय माधव
यादव समाज के गौरव -संरक्षक ,महापौर
मान. मधुसूदन यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
23 August जीवेत शरद: शतम्
DESIGN 90398-21119
विनित : युवा मंच यादव समाज,राजनांदगांव,छ.ग.





हम सब के प्रिय जननायक, महापौर

माननीय मधुसूदन यादव जी

को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...





बुथ अध्यक्ष





